EVENT REPORT

SAMAGAM–VIMARSH EVAM SAMMAN SAMAROH

ORGANIZED BY

Dr. Ambedkar International Centre (DAIC)

Ministry of Social Justice & Empowerment, Government of India

In collaboration with

Hindustani Bhasha Academy

16 AUGUST 2026 • NALANDA AUDITORIUM

15 JANPATH, NEW DELHI-110001

The Dr. Ambedkar International Centre (DAIC), Ministry of Social Justice & Empowerment, Government of India, organised “Samagam–Vimarsh evam Samman Samaroh” on 16 August 2026 at the Nālandā Auditorium, DAIC, in collaboration with the Hindustani Bhasha Academy. The programme was conceived as a common platform for meaningful interaction among scholars, writers, editors and distinguished personalities associated with the social, literary and cultural fields, and for recognizing notable contributions in literature and Indian languages. The programme sought to bring social justice, literature, language and cultural dialogue together on a common platform. It provided an opportunity for scholars, writers, editors, institutional representatives and other participants to exchange views on contemporary social and literary concerns and to recognize contributions made in the fields of literature and Indian languages. The collaboration between DAIC and Hindustani Bhasha Academy also provided an institutional platform for dialogue between social-justice-oriented academic engagement and the literary and language community.



DAIC, under the Ministry of Social Justice & Empowerment, Government of India, undertakes academic, research, outreach and knowledge-dissemination activities relating to social justice, equality, constitutional values and the ideas and contributions of Dr. B. R. Ambedkar. The Centre organises seminars, conferences, lectures, discussions, workshops and other academic programmes and maintains a library and publication-oriented activities. The present programme formed part of this wider effort to encourage dialogue, knowledge-sharing and public engagement on social, literary and cultural issues. The programme was

organised in collaboration with the Hindustani Bhasha Academy, bringing together participants connected with literature, Indian languages, editing, scholarship and cultural activities. The collaboration strengthened the literary and language dimensions of the programme and facilitated interaction among diverse stakeholders.

The programme commenced with the arrival and registration of participants and invited guests. The inaugural proceedings included Vande Mataram, ceremonial lamp lighting, welcome remarks and addresses by the distinguished guests. The session was kept focused so that adequate time could be provided for the subsequent felicitation and discussion components. The inaugural session was graced by Dr. Rashmi Singh, IAS, Secretary, Department of Women and Child Development, Government of NCT of Delhi, as the Chief Guest. Prof. (Dr.) Vartika Nanda, Colonel Akash Patil, Director, DAIC, and Shri Sudhakar Pathak, Director, Hindustani Bhasha Academy, also addressed the gathering during the programme.

Dr. Rashmi Singh, IAS, Secretary, Department of Women and Child Development, Government of NCT of Delhi, attended the programme as the Chief Guest. Prof. (Dr.) Vartika Nanda, an Indian prison reformer, media educator and media commentator, participated as a distinguished personality. She has been associated with prison reform, media education and public communication and has received recognition including the Stree Shakti Puraskar and Bharatendu Harishchandra Award. The participation of senior officials, academics, writers, editors and other distinguished personalities added institutional and intellectual value to the programme. A major component of the programme was the introduction and felicitation of editors of literary periodicals and distinguished contributors. The session recognized the contribution of individuals and institutions working in literature, Indian languages and related fields. The felicitation was intended not merely as recognition of individual achievement but also as an acknowledgement of the continuing role of editors, writers and literary institutions in sustaining public discourse, language and social awareness.

The discussion component provided a forum for exchange of views on contemporary social, literary and cultural concerns. The session focused on the role of institutions and literary publications in strengthening social dialogue and cultural understanding. The following themes were taken up for discussion:

1. Role of private institutions in maintaining social harmony and cultural cohesion.
2. Challenges faced by literary magazines in the present time and their future.

The discussion brought together perspectives from participants associated with literature, media, social engagement and institutional activities.

As part of the programme, an awareness and distribution activity for DAIC's official magazine "Samajik Nyay Sandesh" was undertaken. The initiative aimed to introduce the publication to participants and visitors, promote wider readership and circulation, and create awareness about its membership/subscription facility. A total of 88 copies were received from the Library for distribution and all 88 copies were distributed to interested participants/visitors. The activity was completed successfully with no copies remaining undistributed. Available issues included January–March 2026 (19 copies), January–March 2025 (14), April–June 2025 (11), October–December 2024 (09), October–December 2022 (22), and July–September 2022 (13).

The programme was an in-house programme of DAIC. The Centre provided the venue at the Nalanda Auditorium and undertook the programme-related coordination and logistical arrangements. The required IT, audio-visual and technical facilities were also provided by DAIC. The programme was conducted in collaboration with the Hindustani Bhasha Academy, while the overall venue and institutional arrangements at DAIC supported the smooth conduct of the event. The programme witnessed participation of more than 160 persons, including distinguished guests, scholars, writers, editors, representatives of institutions and other participants. The participation reflected the interest generated by the programme and its combination of literary, social and cultural engagement. The interaction among participants provided opportunities for exchange of ideas, recognition of literary and editorial contributions and discussion of contemporary issues. The programme achieved the following broad outcomes:

I. Provided a common platform for interaction among scholars, writers, editors and distinguished personalities.
II. Encouraged dialogue on social, literary and cultural concerns.
III. Recognized contributions of literary editors and other distinguished contributors.

IV. Strengthened institutional collaboration between DAIC and Hindustani Bhasha Academy.
V. Promoted awareness and readership of "Samajik Nyay Sandesh".
VI. Provided participants an opportunity to engage with issues concerning social harmony, cultural cohesion and the future of literary magazines.
VII. Supported DAIC's wider academic and outreach objectives.

"Samagam–Vimarsh evam Samman Samaroh" held on 16 August 2026 at the Dr. Ambedkar International Centre was successfully conducted in collaboration with the Hindustani Bhasha Academy. The programme brought together a substantial and diverse gathering of more than 160 participants and provided a meaningful platform for dialogue, recognition and exchange. The combination of the inaugural proceedings, felicitation of literary and editorial contributors, discussion on contemporary issues and awareness activity relating to "Samajik Nyay Sandesh" contributed to the overall academic, literary and outreach objectives of the programme. The event reaffirmed the value of institutional collaboration in creating platforms for social dialogue, literary engagement and wider dissemination of knowledge.

प्रतिवेदन
"समागम–विमर्श एवं सम्मान समारोह"
दिनांक: 16 अगस्त 2026
स्थान: नालंदा सभागार, डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र

डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी के सहयोग से 16 अगस्त 2026 को डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र स्थित नालंदा सभागार में "समागम–विमर्श एवं सम्मान समारोह" का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों से संबद्ध विद्वानों, साहित्यकारों, संपादकों तथा विशिष्ट व्यक्तित्वों के मध्य सार्थक संवाद स्थापित करना तथा साहित्य एवं भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान के लिए विशिष्ट व्यक्तियों को सम्मानित करना था। यह कार्यक्रम सामाजिक न्याय, साहित्य, भाषा एवं सांस्कृतिक संवाद को एक साझा मंच

पर लाने की दिशा में एक सार्थक प्रयास था। इसके माध्यम से विद्वानों, साहित्यकारों, संपादकों, संस्थागत प्रतिनिधियों एवं अन्य प्रतिभागियों को समकालीन सामाजिक एवं साहित्यिक विषयों पर विचार-विनिमय करने तथा साहित्य एवं भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में किए जा रहे उल्लेखनीय कार्यों को रेखांकित करने का अवसर प्राप्त हुआ। डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र एवं हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी के मध्य यह सहयोग सामाजिक न्यायपरक अकादमिक विमर्श तथा साहित्य एवं भाषा के क्षेत्र से जुड़े समुदाय के मध्य संवाद का प्रभावी सेतु बना।

डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय, भारत सरकार के अंतर्गत सामाजिक न्याय, समानता, संवैधानिक मूल्यों तथा डॉ. बाबासाहेब अम्बेडकर के विचारों एवं योगदान से संबंधित अध्ययन, अनुसंधान, अकादमिक संवाद एवं ज्ञान-प्रसार की गतिविधियों को प्रोत्साहित करता है। केंद्र द्वारा समय-समय पर संगोष्ठियों, सम्मेलन, व्याख्यानों, परिचर्चाओं, कार्यशालाओं एवं अन्य अकादमिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। केंद्र का पुस्तकालय भी अध्ययन एवं अनुसंधान के लिए महत्वपूर्ण ज्ञान-संसाधन के रूप में कार्य करता है। प्रस्तुत कार्यक्रम भी सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर संवाद, ज्ञान-विनिमय एवं जन-सहभागिता को प्रोत्साहित करने की इसी व्यापक पहल का एक अंग था।

कार्यक्रम का आयोजन हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी के सहयोग से किया गया। इसके माध्यम से साहित्य, भारतीय भाषाओं, संपादन, शोध एवं सांस्कृतिक गतिविधियों से जुड़े विभिन्न प्रतिभागियों को एक साझा मंच प्राप्त हुआ। इस सहयोग ने कार्यक्रम के साहित्यिक एवं भाषायी आयामों को सुदृढ़ किया तथा विभिन्न क्षेत्रों से जुड़े व्यक्तित्वों के मध्य विचार-विनिमय को गति प्रदान की।

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रतिभागियों एवं आमंत्रित अतिथियों के आगमन एवं पंजीकरण से हुआ। उद्घाटन सत्र में वन्दे मातरम्, स्वागत संबोधन तथा विशिष्ट अतिथियों के संबोधन हुए। उद्घाटन सत्र को संक्षिप्त एवं केंद्रित रखा गया, जिससे सम्मान समारोह एवं विमर्श सत्र के लिए पर्याप्त समय उपलब्ध हो सके।

उद्‌घाटन सत्र में मुख्य अतिथि डॉ. रश्मि सिंह, भा.प्र.से., सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार की गरिमामयी उपस्थिति रही। प्रो. (डॉ.) वर्तिका नंदा, कर्नल आकाश पाटील, निदेशक, डॉ. अम्बेडकर अंतर्राष्ट्रीय केंद्र तथा श्री सुधाकर पाठक, निदेशक, हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया।

डॉ. रश्मि सिंह, भा.प्र.से., सचिव, महिला एवं बाल विकास विभाग, राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार, कार्यक्रम की मुख्य अतिथि थीं। प्रो. (डॉ.) वर्तिका नंदा भारतीय जेल सुधारक, मीडिया शिक्षिका एवं मीडिया विश्लेषक के रूप में जानी जाती हैं। मीडिया एवं साहित्य के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें स्त्री शक्ति पुरस्कार से सम्मानित किया गया है तथा उन्हें भारत सरकार द्वारा भारतेंदु हरिश्चंद्र पुरस्कार भी प्राप्त हुआ है। जेल सुधार, मीडिया शिक्षा एवं जनसंचार के क्षेत्र में उनके योगदान ने कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाया। वरिष्ठ अधिकारियों, शिक्षाविदों, साहित्यकारों, संपादकों एवं अन्य विशिष्ट व्यक्तित्वों की सहभागिता ने कार्यक्रम को संस्थागत एवं बौद्धिक दृष्टि से समृद्ध बनाया।

कार्यक्रम का एक प्रमुख अंग परिचय एवं सम्मान समारोह था। इस सत्र में साहित्यिक पत्रिकाओं के संपादकों तथा साहित्य एवं भारतीय भाषाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान किया गया। यह सम्मान केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों की स्वीकृति तक सीमित नहीं था, बल्कि साहित्य, भाषा,

संपादन एवं सामाजिक चेतना को निरंतर समृद्ध करने वाले व्यक्तियों एवं संस्थाओं के योगदान के प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता की अभिव्यक्ति भी था।

कार्यक्रम के विमर्श सत्र में समकालीन सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर विचार-विनिमय किया गया। इस सत्र का उद्देश्य सामाजिक संवाद, सांस्कृतिक समरसता तथा साहित्यिक प्रकाशनों की भूमिका से संबंधित महत्वपूर्ण प्रश्नों पर विचार करना था।

विमर्श के प्रमुख विषय निम्नलिखित रहे—

1. सामाजिक सौहार्द एवं सांस्कृतिक समरसता बनाए रखने में निजी संस्थाओं की भूमिका।

2. वर्तमान समय में साहित्यिक पत्रिकाओं की चुनौतियाँ और भविष्य।

विमर्श में साहित्य, मीडिया, सामाजिक सरोकारों एवं संस्थागत गतिविधियों से जुड़े प्रतिभागियों ने अपने विचार प्रस्तुत किए। विभिन्न वक्तव्यों एवं विचारों के माध्यम से सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक समरसता, साहित्यिक अभिव्यक्ति तथा साहित्यिक पत्रिकाओं की वर्तमान स्थिति एवं भावी दिशा पर सार्थक संवाद हुआ।

कार्यक्रम के अंतर्गत डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र की आधिकारिक पत्रिका 'सामाजिक न्याय संदेश' के संबंध में जागरूकता एवं वितरण गतिविधि भी संचालित की गई। इसका उद्देश्य प्रतिभागियों एवं आगंतुकों को पत्रिका से परिचित कराना, इसके व्यापक पठन एवं प्रसार को प्रोत्साहित करना तथा इसकी सदस्यता संबंधी जानकारी उपलब्ध कराना था। वितरण हेतु पुस्तकालय से कुल 88 प्रतियाँ प्राप्त हुईं तथा सभी 88 प्रतियाँ प्रतिभागियों एवं इच्छुक आगंतुकों को वितरित की गईं। उपलब्ध प्रतियों में जनवरी–मार्च 2026 अंक की 19 प्रतियाँ, जनवरी–मार्च 2025 अंक की 14 प्रतियाँ, अप्रैल–जून 2025 अंक की 11 प्रतियाँ, अक्टूबर–दिसंबर 2024 अंक की 09 प्रतियाँ, अक्टूबर–दिसंबर 2022 अंक की 22 प्रतियाँ तथा जुलाई–सितंबर 2022 अंक की 13 प्रतियाँ सम्मिलित थीं। इस प्रकार वितरण हेतु प्राप्त सभी 88 प्रतियों का प्रतिभागियों एवं इच्छुक आगंतुकों के मध्य सफलतापूर्वक वितरण किया गया।

कार्यक्रम डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र का आंतरिक आयोजन था। केंद्र द्वारा नालंदा सभागार उपलब्ध कराया गया तथा कार्यक्रम से संबंधित समस्त समन्वय एवं व्यवस्थाएँ केंद्र द्वारा की गईं। आवश्यक सूचना प्रौद्योगिकी, ध्वनि-प्रसारण, दृश्य-श्रव्य एवं तकनीकी सुविधाएँ भी डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र द्वारा उपलब्ध कराई गईं। हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी के सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम के सुचारु संचालन में केंद्र की संस्थागत एवं व्यवस्थागत भूमिका महत्वपूर्ण रही।

कार्यक्रम में 160 से अधिक प्रतिभागियों ने सहभागिता की। इनमें विशिष्ट अतिथियों के साथ विद्वान, साहित्यकार, संपादक, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा अन्य प्रतिभागी सम्मिलित थे। प्रतिभागियों की

उल्लेखनीय संख्या कार्यक्रम के प्रति व्यापक रुचि तथा इसके साहित्यिक, सामाजिक एवं सांस्कृतिक स्वरूप को प्रतिबिंबित करती है। कार्यक्रम ने विचारों के आदान-प्रदान, साहित्यिक एवं संपादकीय योगदान के सम्मान तथा समकालीन विषयों पर संवाद के लिए उपयुक्त अवसर प्रदान किया।

कार्यक्रम के प्रमुख परिणाम निम्नलिखित रहे—

I. विद्वानों, साहित्यकारों, संपादकों एवं विशिष्ट व्यक्तित्वों के मध्य संवाद के लिए साझा मंच उपलब्ध हुआ।

II. सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक विषयों पर सार्थक विचार-विनिमय को प्रोत्साहन मिला।

III. साहित्यिक पत्रिकाओं के संपादकों एवं अन्य विशिष्ट योगदानकर्ताओं के कार्यों को सम्मान एवं मान्यता प्रदान की गई।

IV. डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र एवं हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी के मध्य संस्थागत सहयोग को सुदृढ़ता प्राप्त हुई।

V. 'सामाजिक न्याय संदेश' पत्रिका के प्रति जागरूकता एवं पठन-प्रसार को प्रोत्साहन मिला।

VI. प्रतिभागियों को सामाजिक सौहार्द, सांस्कृतिक समरसता तथा साहित्यिक पत्रिकाओं की वर्तमान चुनौतियों एवं भावी दिशा से जुड़े विषयों पर विचार-विनिमय का अवसर मिला।

VII. डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र की अकादमिक, शोध एवं जनसंपर्क संबंधी गतिविधियों के उद्देश्यों को गति मिली।

16 अगस्त 2026 को डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र में हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी के सहयोग से आयोजित "समागम–विमर्श एवं सम्मान समारोह" सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। कार्यक्रम में 160 से अधिक प्रतिभागियों की सार्थक सहभागिता रही तथा यह सामाजिक, साहित्यिक एवं सांस्कृतिक क्षेत्रों से जुड़े विभिन्न व्यक्तित्वों के मध्य संवाद, विचार-विनिमय एवं सम्मान का प्रभावी मंच बना।

उद्घाटन सत्र, साहित्यिक एवं संपादकीय क्षेत्र से जुड़े विशिष्ट व्यक्तियों का सम्मान, समकालीन सामाजिक एवं साहित्यिक विषयों पर विमर्श तथा 'सामाजिक न्याय संदेश' के प्रति जागरूकता एवं वितरण—इन सभी गतिविधियों ने कार्यक्रम के अकादमिक, साहित्यिक एवं जनसंपर्क संबंधी उद्देश्यों को व्यापकता प्रदान की।

यह आयोजन इस तथ्य को रेखांकित करता है कि संस्थागत सहयोग के माध्यम से सामाजिक न्याय, साहित्य, भारतीय भाषाओं एवं सांस्कृतिक संवाद के क्षेत्रों में सार्थक विमर्श के लिए प्रभावी मंच निर्मित किए जा सकते हैं। डॉ. अम्बेडकर अंतरराष्ट्रीय केंद्र एवं हिन्दुस्तानी भाषा अकादमी का यह संयुक्त प्रयास ज्ञान-विनिमय, सामाजिक संवाद एवं साहित्यिक चेतना के विस्तार की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल रहा।